**INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL BURAIDAH**

**TERM-1 SAMPLE PAPER (2023-24)**

**HINDI-B** **Date: 17-09-2023**

**Class: 10** **Max. Marks: 80**

**निर्देश:**

**⁎ इस प्रश्न पत्र मे दो खंड हैं - अ और ब |**

**⁎ दोनों खंडो के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |**

**⁎ यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए |**

**खंड- अ (वस्तुपरक प्रश्न)**

**अपठित गदयांश**

**1-क निम्नलिखित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए -** **(5)**

महात्मा गांधी का सपना था कि हम भारतवासी स्वच्छता के बारे मे सोचें और इसे व्यवहार मे लाएँ | वे पर्यावरण को स्वच्छ रखने पर काफी बल देते थे, लेकिन हम भारतवासियों ने केवल बापू को याद रखा, उनके सिद्धांतों को नहीं | स्वच्छता हमारी नैतिक व्यावहारिक और सामाजिक ज़िम्मेदारी भी है और आवश्यकता भी | स्वच्छता के बिना समृद्धि नहीं आ सकती | दुख की बात है कि हम स्वच्छता के मामले मे भी दूसरे देशों से बहुत पीछे हैं | आर्थिक बद-हाली का रोना रोते रहना हमारा स्वभाव बन गया है , लेकिन क्या सफाई जैसी साधारण सी आदत को अपनाने के लिए भी हमे धन चाहिए ? हमारी सफाई की परिभाषा अपने-अपने घरों तक ही सीमित रह गई है | 'स्वच्छ भारत अभियान' हमारे लिए सफाई को अपनाने और इसके प्रति संवेदनहीनता त्यागने का अनुकूल अवसर बनकर आया है | हमरे द्वारा स्वच्छ भारत का निर्माण बापू को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होंगी |

क - गांधीजी का सपना था कि भारतवासी

I - स्वच्छता के बारे मे जाने ii - स्वच्छता के बारे मे उपदेश दे

iii - स्वच्छता का प्रचार करे

iv - स्वच्छता का महत्त्व समझाकर इसे व्यवहार मे लाए

ख - स्वच्छता किसकी ज़िम्मेदारी है ?

i - केवल कुछ नागरिकों की          ii - सभी नागरिकों की

iii - केवल सफाई कर्मचारियों की          iv - किसी की भी नहीं

ग - स्वच्छता को किसका प्रतीक माना गया है ?

i - एकता का          ii - स्वास्थ्य का

iii - नैतिकता का          iv - समृद्धि का

घ - साफ सफाई के प्रति हमारा दृष्टिकोण है

I - व्यापक, परंतु संवेदनहीन          ii - सीमित एव संवेदनहीन

iii - अनैतिक एव सीमित          iv- साधारण एव व्यावहारिक

ड़ - संवेदनहीन शब्द का विलोम है

I - असंवेदनहीन          ii - संवेदनहीनता

iii - असंवेदनशील          iv - संवेदनशील

**ख - निम्नलिखित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए -** **(5)**

कई लोगों को ज़रूरत न होने पर भी चीजों को खरीदने और इकट्ठा करने की आदत होती है | यह आदत टी॰ वी , अखबार आदि के विज्ञापनो से बहुत प्रभावित होती है | समाज मे बड़े पैमाने मे इस स्थिति को उपभोकतवाद कहते हैं | उपभोकतवाद के विस्फोट पर अब सवाल उठने लगे हैं , क्योकि इसने पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व पर ही सवाल खड़ा कर दिया है |

उपभोकतवाद, अति उपभोग, बेहिसाब कचरा ,उत्पादन का दानव तेल संसाधनों की नीव पर खड़ा है | इन जीवाश्म ईंधनों ने बेहिसाब मात्रा मे प्रदूषण पैदा किया, जो जीवन के विविध रूपों के लिए बेहद विनाशकारी है |

इसके लिए नई सदी मे पश्चिमी विकसित देश अपने भविष्य के लिए पर्यावरण की दृष्टि से भरोसेमंद और टिकाऊ विकल्प खोज रहे हैं| साइकिल रिक्शा एक ऐसा ही विकल्प है| यह पूरे एशिया और विशेषकर भारतीय उपमहाद्वीप मे परिवहन का एक लोकप्रिय साधन है| भारत मे साइकिल रिक्शों का आगमन पिछली सदी यानि 20 वी सदी के पांचवे दशक के शुरुआती दौर मे हुआ| इस से पहले लकड़ी के पहिए वाले और श्रमसाध्य हाथ से खींचने वाले रिक्शे चलते थे |

क - बिना ज़रूरत चीजों को खरीदने और इकट्ठा करने की आदत का कारण है

I - आवश्यकता    ii - टी. वी आदि मे विज्ञापन

Iii - घर मे सामान की कमी    iv - उपरोक्त मे से कोई नहीं

ख - उपभोकतवाद कहते हैं

I - विज्ञापनों से प्रभावित होकर बिना जरूरत सामान खरीदने को

Ii - संसाधनो की बरबादी को

Iii- प्रदूषण फैलाने को    iv -टी. वी एव अखबार को

ग - बेहिसाब मात्रा मे प्रदूषण पैदा किया है

I - कचरा उत्पादन ने    ii - साइकिल रिक्शा ने

Iii - जीवाश्म ईंधनों ने    iv - ये सभी

घ - भारतीय उपमहाद्वीप मे परिवहन का लोकप्रिय साधन है

I -जीवाश्म ईंधन    ii- साइकिल रिक्शा

Iii- मोटर गाड़ी    iv - बैलगाड़ी

ड़ - पश्चिमी जगत जीवाश्म ईंधन का प्रयोग क्यो छोड़ना चाहता है

I - प्रदूषण के कारण    ii - तेल संसाधनो के कारण

Iii - टी. वी एव अखबार के कारण

Iv - पर्यावरण की दृष्टि से भरोसेमंद और टिकाऊ विकल्पों के कारण

## (व्यावहारिक व्याकरण)

**2 -I निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए -** **(4)**

1 - उस घर के कोने मे बैठा हुआ आदमी जासूस है - रेखांकित पदबंध है

क -संज्ञा पदबंध ख - विशेषण पदबंध

ग - सर्वनाम पदबंध घ- क्रिया पदबंध

2 - अब दरवाज़ा खोला जा सकता है - रेखांकित पदबंध है

क- विशेषण पदबंध ख- संज्ञा पदबंध

ग - सर्वनाम पदबंध घ- क्रिया पदबंध

3 - वाक्य ---------- से बनता है

क- स्वर ख- व्यंजन

ग - शब्द घ- पद

4 - कमरे मे इधर से उधर तक सामान बिखरा पड़ा है -रेखांकित पदबंध है :-

क- विशेषण पदबंध ख- संज्ञा पदबंध

ग - सर्वनाम पदबंध घ- क्रिया विशेषण पदबंध

**II - निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए ;-** **(4)**

1 - शाम हुई और पक्षी अपने-अपने घोंसले मे लौट गए | वाक्य रचना की दृष्टि से है

क - मिश्र वाक्य ख - सरल वाक्य

ग - संयुक्त वाक्य घ - सामान्य वाक्य

2 - हवा तेज़ चलने के कारण पत्ते उड़ गए | वाक्य रचना की दृष्टि से है

क - मिश्र वाक्य ख - सरल वाक्य

ग - संयुक्त वाक्य घ - सामान्य वाक्य

3 - मिश्र वाक्य को संयुक्त वाक्य अथवा संयुक्त को सरल मे बदलने को कहते है

क - वाक्य निर्माण

ख - वाक्य रूपान्तरण

ग - वाक्य प्रक्रिया

घ - वाक्य संश्लेषण

4 - निम्नलिखित मे मिश्र वाक्य है ;-

क - जैसे ही राम घर गया , वह सो गया |

ख - नेताजी भाषण देकर चले गए |

ग - शाम ने घर जकर माँ को देखा |

घ - वह बाज़ार गया और पुस्तक खरीद लाया |

**III - <u>निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए ;-</u>** **(4)**

1 - **‘ महावीर** ‘ शब्द मे कौनसा समास है :-

क - द्विगु समास

ख - तत्पुरुष समास

ग - कर्मधारय

घ - अव्ययीभाव

2 - **‘ दिनचर्या ‘** शब्द का समस्त विग्रह है :-

क - दिन की चर्या

ख - दिन मे आराम

ग - दिन मे चलना

घ - दिन भर खाना

3 - **‘ शोकमग्न ‘** शब्द मे कौनसा समास है :-

क - द्विगु समास

ख - तत्पुरुष समास

ग - कर्मधारय

घ - अव्ययीभाव

4 - **‘ दाल-रोटी ‘** समस्त पद का विग्रह होगा :-

क - दाल और रोटी

ख - दाल की रोटी

ख - दाल रूपी रोटी

घ - रोटी पर दाल

**IV <u>- निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए ;-</u>** **(4)**

1 - गांधीजी मे देश-सेवा की भावना ------------ थी | रिक्त स्थान का सटीक मुहावरा होगा -

क - जान से प्यारी
ख - कूट कूट कर भरी

ग - ईंट से ईंट बजाना
घ - गीदड़ भभकी थी

2- दोषी व्यक्ति के बाइज्जत बरी होने पर सब ------------ गए | उचित मुहावरा होगा -

क - पीठ मे छुरा घोंपना
ख - दुम दबाकर भागना

ग - बाग- बाग हो गए
घ- हक्का बक्का हो गए

3 - पढ़ाई मे मेहनत कर मै ---------हो सकता हूँ | यहाँ उचित मुहावरा है -

क - अंधों मे काना राजा
ख - एक पंथ दो काज

ग - अपना हाथ जगन्नाथ
घ - पैर पर खड़ा होना

4- **खरी-खोटी सुनाना** मुहावरे का सही अर्थ है -

क - घमंड करना
ख - क्रोध मे आना

ग - बुरा-भला कहना
घ - अपनी बड़ाई करना

**3- (क) <u>पठित पदयांश के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के उतार दीजिए:</u>** **(1x5=5)**

स्याम म्हाने चाकर राखो जी

गिरधारी लाल म्हाने चाकर रखो जी |

चाकर रहस्यू बाग लगास्यू नित उठ दरसन पास्यू |

बिंद्रावन री कुंज गली मे , गोविंद लीला गास्यू |

चाकरी मे दरसन पास्यू , सुमरण पास्यू खर्ची |

भाव भगति जागीरी पास्यू , तीनू बाता सरसी |

(i) मीरा किसकी नौकरानी बनना चाहती है ?

(क) राम की (ख) कृष्ण की

(ग) हरि की (घ) अपने पति की

(ii) मीरा नौकरनी क्यो बनना चाहती है?

(क) अपने जीवन के लिए (ख) कृष्ण के प्रति समर्पण हेतु

(ग) पति की सेवा के लिए (घ) कृष्ण को प्रसन्न करने के लिए

(iii) मीरा वृन्दावन की गलियों मे क्यो रहना चाहती है?

(क) कृष्ण से मिलने के लिए (ख) कृष्ण के साथ लीलाएं करने

(ग) कृष्ण की लीलाएं गाने (घ) गोपियों के संग क्रीडा करने

(iv) मीरा को जेब खर्च के रूप मे क्या मिलेंगा ?

(क) नाम-स्मरण (ख) भाव-भक्ति

(ग) प्रभु-दर्शन (घ) इनमे से कुछ नहीं

(v) मीरा कौनसी संपत्ति चाहती है ?

(क) कृष्ण-प्रेम (ख) राम की भक्ति

(ग) भाव-भक्ति (घ) धन-संपत्ति

**(ख) <u>सही विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:</u>** **(1x2=2)**

(i) मन का आपा खोने का आशय है? (कबीर की साखी)

(क) अपनत्व होना (ख) स्वयं डूब जाना

(ग) अहंकार खोना (घ) लीन होना

(ii) कंपनी बाग मे तोप क्यो रखी गई है? (तोप)

(क) सजावट के लिए (ख) अंग्रेजों की याद दिलाने के लिए

(ग) 1857 संग्राम की याद दिलाने (घ) रख- रखाव के लिए

**(ग) - <u>पठित गदयांश के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के उतार दीजिए:</u>** **(1x5=5)**

मेरे और बड़े भाई के बीच अब केवल एक दर्जे का अंतर रह गया | मेरे मन मे एक कुटिल भावना उदय हुई कि कही भाई साहब एक साल और फ़ेल हो जाए , तो मै उनके बराबर हो जाऊ , फिर वह किस आधार पर मेरी फजीहत कर सकेंगे , लेकिन मैंने इस विचार को दिल से बलपूर्वक निकाल डाला| आखिर वह मुझे मेरे हित के विचार से ही तो डाँटते हैं | मुझे इस वक्त अप्रिय लगता है अवश्य , शायद उनके उपदेशों का सही असर है कि मै दनादन पास हो जाता हूँ और इतने अच्छे नंबरों से |

(i) ' कुटिल भावना' से क्या अभिप्राय है?

(क) मन मे कपात और द्वेष रखना (ख) दूसरों की प्रशंसा का भाव
(ग) आदर और सम्मान की पृष्टभूमि (घ) अकारण दुखी होने का भाव

(ii) बड़े भाई और लेखक के बीच कितनी कक्षाओं का अंतर रह गया था?

(क) तीन (ख) दो
(ग) पाँच (घ) एक

(iii) छोटे भाई के मन मे किस प्रकार की कुटिल भावना जागृत हुई?

(क) बड़े भाई को मारने की (ख) बड़े भाई की शिकायत करने की
(ग) बड़े भाई के एक और साल फ़ेल होने की (घ) बड़े भाई की इज्ज़त न करने की

(iv) छोटे भाई के मन मे आए विचार को बलपूर्वक निकालने का क्या कारण था?

(क) बड़े भाई के प्रति प्रेम (ख) बड़े भाई के प्रति सम्मान
(ग) बड़े भाई के प्रति आत्मीयता (घ) ये सभी

(v) बड़े भाई के उपदेशों का असर छोटे भाई को किस रूप मे दिखाई देता है?

(क) लगातार पास होने के (ख) लगातार पढ़ने के
(ग) लगातार खेलने के (घ) इनमे से कोई नहीं

**(घ)- <u>सही विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:</u>** **(1x2=2)**

1- तंतारा अपने किन कारनामो के लिए जाना जाता था ?

(क) साहसिक  (ख) प्रेममय
(ग) जादूई  (घ) सेवामय

(ii) मोनुमेंट के नीचे किनको एकत्र होना था ?

(क) कार्यकर्ताओं को  (ख) नेताओ को
(ग) क्रांतिकारियों को  (घ) सभी नागरिकों को

## खंड-ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**4. (क) पठित पाठों के आधार पर 60 शब्दों में उत्तर दीजिए (कोई दो):** **(6)**

(i) तंतारा - वामीरों की त्यागमयी मृत्यु से निकोबार मे क्या परिवर्तन आया?

(ii) सुभाष बाबू के जुलूस मे स्त्री समाज की क्या भूमिका थी?

(iii) बड़े भाई साहब छोटे भाई को क्या सलाह देते थे और क्यो ?

**(ख) पठित कविताओं के आधार पर 60 शब्दों में उत्तर दीजिए (कोई दो):** **(6)**

(i) शाल के वृक्ष भयभीत होकर धरती मे क्यो धंस गए ?

(ii) अपने स्वभाव को निर्मल रखने के लिए कवि ने क्या उपाय सुझाया है?

(iii) विरासत मे मिली चीजों की बड़ी संभाल को होती है?

**(ग) पठित संचयन के पाठों के आधार पर 60 शब्दों में उत्तर दीजिए (कोई दो)** (6)

(i) हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी के क्यो लाग्ने लगे?

(ii) समाज मे रिश्तों की क्या अहमियत है? अपने विचार प्रकट कीजिए |

(iii) हरिहर काका के गाँव मे यदि मीडिया की पहुँच होती तो उनकी क्या स्थिति होती?अपने शब्दों मे लिखिए |

## लेखन

**5. (क) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए:** **(5)**

**(i) स्वास्थ्य का महत्त्व**

- ⁎ स्वास्थ्य का अर्थ
- ⁎ स्वस्थ रहने की आवश्यकता
- ⁎ अच्छे स्वास्थ्य के लिए क्या आवश्यक?
- ⁎ मिलावट खाद्य सामाग्री का प्रभाव

**(ii) भारत मे गणतन्त्र दिवस**

- ⁎ राष्ट्रीय पर्व : 26 जनवरी
- ⁎ गणतन्त्र दिवस का महत्त्व
- ⁎ समारोह का आयोजन
- ⁎ उपसंहार

**(iii) मेरे जीवन का लक्ष्य**

- ⁎ जीवन मे लक्ष्य की आवश्यकता
- ⁎ आपका लक्ष्य क्या है?
- ⁎ लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रयास
- ⁎ सफल होकर समाज के लिए क्या करोगे

**(ख) खेल कूद की उपयुक्त सामाग्री की ओर ध्यान दिलाते हुए प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों मे आवेदन पत्र लिखिए| (5)**

**अथवा**

**आपके मोहल्ले मे उचित सफाई न होने के कारण गंदगी और बीमारियाँ फैल रही है इसकी शिकायत करते हुए नगर निगम के स्वास्थय अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।**

**8. (क) आज मेट्रो विशेष रूट पर नहीं चलेगी ,यात्रियो को सूचित करते हुए इस विषय पर लग -भग 60 शब्दों मे सूचना तैयार कीजिए | (4)**

**अथवा**

**आपकी एक महत्त्वपूर्ण पुस्तक विद्यालय मे कहीं खो गई है उसे लौटाने की अपील करते हुए 60 शब्दों मे एक सूचना तैयार कीजिए।**

**(ख) 'नेत्रदान महादान' विषय को आधार बनाकर 40 शब्दों मे एक विज्ञापन लिखिए| (3)**

**अथवा**

**पहाड़ी क्षेत्र मे बनाए अपने होटल के लिए 40 शब्दो मे विज्ञापन लिखिए|**

**(ग) 'जैसी करनी वैसी भरनी' इस विषय पर लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए। (5)**

**<u>अथवा</u>**

**विद्यालयी पाठ्यक्रम का बोझ कम करने के लिए सुझाव देते हुए शिक्षा मंत्री को 100 शब्दों मे एक ई-मेल लिखिए |**

***************************************************************************